प्रेषक,

निदेशक,
पंचायती राज, उ0प्र0।

सेवा में,

समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

संख्या–4/493/2014–4/58/2013 लखनऊ : दिनांक 25 अगस्त, 2014

विषय– राजीव गांधी पंचायत सशक्तीकरण अभियान योजनान्तर्गत जिला कार्यक्रम प्रबन्ध इकाई में डी0पी0एम0 की सेवा विस्तार/तैनाती के सम्बन्ध में।

महोदय

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पूर्व पत्र संख्या–4/440/2013–4/58/2009, दिनांक 01 जुलाई, 2013 का सन्दर्भ ग्रहण करें। उक्त पत्र से जिला परियोजना प्रबन्ध इकाई में तैनात डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजर की उपलब्ध करायी गयी सेवाएं मार्च, 2013 में समाप्त हो गयी हैं।

इस सम्बन्ध में योजनान्तर्गत अध्यक्ष, स्टेट रिव्यू कमेटी/प्रमुख सचिव, पंचायती राज, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में आयोजित रिव्यू कमेटी की द्वितीय बैठक दिनांक 09 जून, 2014 जिसका कार्यवृत्त पत्र संख्या–4/304/2011–4/39/2014, दिनांक 16 जून, 2014 से जारी किया गया है। जारी कार्यवृत्त के अनुसार जिला कार्यक्रम प्रबन्ध इकाई में रिर्सोसेज की सेवाएं मार्च, 2015 तक की अवधि के लिए विस्तारित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस सम्बन्ध में एन.आई.सी./निक्सी के ई–मेल दिनांक 04.08.2014 द्वारा 75 जनपदों में रिर्सोसेज की सेवाएं विस्तार किये जाने सम्बन्धी कार्यादेश उपलब्ध कराया गया है।

उक्त क्रम में आपके जनपद में तैनात रिर्सोसेज की सेवा विस्तार के सम्बन्ध में निम्नलिखित रूपपत्र पर सूचना भेजते हुए माह अप्रैल, 2014 से जुलाई, 2014 तक की अवधि के एम0पी0आर0 निर्धारित प्रारूप पर अपनी संस्तुति/आख्या सहित निदेशालय को दिनांक 25.08.2014 तक अनिवार्य रूप से ई–मेल/फैक्स के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

क्र0सं0	तैनात जिला परियोजना प्रबन्धक का नाम	अवधि जिसमें कार्य किया गया है (माह.....वर्ष..... से माह.....वर्ष..... तक)	अभ्युक्ति

~~संलग्न उपर्युक्तानुसार।~~

भवदीय,

(सुधन चन्द्र चन्दोला)
संयुक्त निदेशक,
पंचायती राज, उ0प्र0।

संख्या–4/493/1/2014, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, पंचायती राज अनुभाग–3, उ0प्र0शासन।
2. उपमहानिदेशक/राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, एन.आई.सी., लखनऊ को उनके ई--मेल दिनांक 04 अगस्त, 2014 के क्रम में।
3. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
4. समस्त मण्डलीय उप निदेशक(पं0), उ0प्र0।
5. समस्त डिस्ट्रिक्ट इंफारमेटिक्स आफीसर, एन.आई.सी., उ0प्र0।

(सुधन चन्द्र चन्दोला)
संयुक्त निदेशक,
पंचायती राज, उ0प्र0।